राजस्थान विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड, जयपुर

सूचना सहायक पद हेतु द्वितीय चरण परीक्षा की निर्धारित प्रक्रिया

सूचना सहायक पद हेतु प्रथम चरण की परीक्षा में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को द्वितीय चरण में कम्प्यूटर पर प्रायोगिक परीक्षा हेतु उपस्थित होना होगा जिसके दो भाग होंगे, जिनका वर्गीकरण निम्नानुसार है –

भाग सं.	विषय	समय
1.	हिन्दी गति परीक्षण	15 मिनट
2.	अंग्रेजी गति परीक्षण	15 मिनट

क्र.सं.	श्रेणी	अर्हता हेतु न्यूनतम औसत टंकित शब्द
1.	**अनारक्षित** (30%)	300 शब्द
2.	**आरक्षित** (20%) (अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति /पिछड़ा वर्ग /अति पिछड़ा वर्ग / भूतपूर्व सैनिक/विशेष योग्यजन)	200 शब्द

अ–सामान्य दिशा–निर्देश

1. अभ्यर्थी परीक्षा शुरू होने के समय से एक घण्टे पूर्व परीक्षा स्थल पर उपस्थित होंगे।
2. टंकण गति परीक्षा के सम्बन्ध में दिशा–निर्देश एवं प्रायोगिक टेस्ट निगम की वेबसाइट पर उपलब्ध कराया गया है।
3. अभ्यर्थी परीक्षा हाल में अपनी जगह पर बैठने पर, परीक्षा प्रारम्भ होने से पूर्व, कृपया सुनिश्चित कर लेंवे कि कम्प्यूटर सही ढंग से कार्य कर रहा है तथा की–बोर्ड एवं माउस भी पूर्ण रूप से सही कार्य कर रहे हैं। परीक्षा शुरू होने के पूर्व उपरोक्त के बारे में अभिजागर (Invigilator) को सूचित नहीं करने की दशा में सम्पूर्ण जिम्मेदारी स्वयं अभ्यर्थी की होगी।
4. परीक्षा शुरू होने से पहले अभ्यर्थी दिये गये निर्देशों को ध्यानपूर्वक अध्ययन करे तथा अपनी आवश्यक सूचनाओं की प्रविष्टि कम्प्यूटर पर ध्यानपूर्वक करें।
5. टंकण गति परीक्षण हेतु विशेष रूप से बनाये सॉफ्टवेयर का उपयोग किया जायेगा।
6. यदि किसी कारण से सॉफ्टवेयर में समस्या आ रही है, तो अभिजागर (Invigilator) को तुरन्त सूचित करें।

7. कम्प्यूटर पर टंकण गति परीक्षा से पूर्व अथवा परीक्षा समय में परीक्षा सॉफ्टवेयर के अतिरिक्त किसी अन्य सॉफ्टवेयर को नहीं खोलें अन्यथा इससे होने वाली समस्या के लिये आप स्वंय जिम्मेदार होगें।

ब–टंकण एवं मूल्यांकन हेतु दिशा–निर्देश

1. अंग्रेजी टाईप के लिये प्रचलित फोंट का प्रयोग किया जायेगा।
2. हिन्दी टाईपिंग के लिये DevLys-010 फोंट का प्रयोग किया जायेगा।
3. अभ्यर्थियों के मूल्यांकन हेतु अंक की गणना प्रक्रिया में कतिपय सामान्य त्रुटियों के अंक नहीं दिये जावेगें जिसकी सूची निम्नासुार है :–
   - गलत वर्ण, शब्द या अंक लिखना
   - वर्णो, शब्दों या अंकों का छूटना
   - वर्णो, शब्दों, अंकों या पंक्ति की पुनरावृत्ति करना
   - विराम चिन्हों का यथावत प्रयोग नहीं करना
   - शब्द–अंतराल में त्रुटि करना
   - अंग्रेजी में कैपिटल एवं स्माल लेटर का यथावत प्रयोग नहीं करना
   - हिन्दी में मात्राओं का यथावत प्रयोग नहीं करना
   - मात्राओं में की गयी अनावश्यक आवर्ती जो कि दिखने में नजर नहीं आती किन्तु कम्प्यूटर गलत बताता है। उदाहरण :–

1. स्कूल = Ldwy
2. स्कूल = Ldwwwwwwy

इसमें स्कूल = Ldwy को ही सही माना जायेगा।

- वर्णो का टंकन उचित प्रकार से नहीं करना उदाहरण :–

1. म = e,
2. म = Ek

इसमें म = e को सही माना जायेगा

उदाहरण

वाक्य टाईप करना था :

स्क्रीन पर ऐसे दिखाई देगा	इस नकारात्मकता के कारण विश्व बैंक में अपनी आगामी ऋण की किश्त को रोक दिया है मगर	Maximum Word to be typed = 17
अंग्रेजी में ऐसे दिखाई देता है	bl udkjkRedrk ds dkj.k fo'o cSad us viuh vkxkeh _.k dh fd'r dks jksd fn;k gS exj	

वाक्य टाईप किया

स्क्रीन पर ऐसे दिखाई देगा	इस के कारण नकारात्मकता विश्व विश्व बैंक ने अपनीआगामी ऋण कंी िकिश को राक दिया मगर	Total Words Typed = 16
अंग्रेजी में ऐसे दिखाई देता है	bl ds dkj.k udkjkRedrk fo'o fo'o cSad ussss viuhvkxkeh _.k dfh ffd'k dks jkd fn;k Ekxj	

मूल्यांकन

1	**Wrongly Typed Words**	6	ने, कंी, िकिश, राक, मगर, अपनीआगामी
2	**Overly Typed Words**	1	विश्व
3	**Correctly Typed Words**	9	

4. अभ्यर्थियों को सामान्य की–बोर्ड उपलब्ध करवाया जाएगा। की–बोर्ड पर कोई हिन्दी फोंट का स्टीकर चिपकाया हुआ नहीं होना चाहिए और न ही ऐसी किसी सामग्री को साथ में रखने की इजाजत है।
5. टंकण गति परीक्षा के मूल्यांकन में कोई अंक नही दिये जावेंगे, केवल सही शब्दों की गणना की जावेगी। सही शब्दों की गणना कर न्यूनतम अर्हता हेतु निर्धारित औसत टंकण गति के अनुसार अभ्यर्थी को उत्तीर्ण अथवा अनुर्तीण घोषित किया जावेगा।
6. ''सही शब्द'' का अभिप्राय ऐसे शब्द से है जो शब्द दिये गये शब्द के अनुरूप टंकित किया गया है तथा मूल्यांकन हेतु दिये गये मानकों के अनुरूप है। ''शब्द'' का अभिप्राय एक या एक से अधिक अक्षरो, मात्राओं एवं विराम चिन्हो के ऐसे समूह से है जिसके पहले तथा बाद में खाली जगह (White Space) हों।
7. दोंनो भाषाओं की गति परीक्षण के दौरान एक लाईन में टंकित किये गये शब्दों के क्रम में परिवर्तन को त्रुटिपूर्ण नहीं माना जायेगा।
8. दोंनो भाषाओं की गति परीक्षण के दौरान एक लाईन में किसी भी शब्द का आवृति से अधिक बार टंकण को मूल्यांकन में गणना योग्य नहीं माना जायेगा।
9. हिन्दी टंकण परीक्षा के दौरान मात्राओं के एक से अधिक बार दबने से शब्द त्रुटिपूर्ण माना जायेगा। यद्यपि मात्राओं के एक से अधिक बार दबने से शब्द सही रूप से दिखाई दे सकता है किन्तु टंकण में मूल्यांकन हेतु शब्द को त्रुटिपूर्ण माना जायेगा।
10. हिन्दी टंकण के दौरान किसी भी अक्षर या मात्रा को बनाने में Alt Key का उपयोग वर्जित होगा। अभ्यर्थी द्वारा Alt Key के प्रयोग से टंकित किये गये सभी अक्षर व संबंधित शब्द त्रुटि पूर्ण माने जायेंगे।

11. हिन्दी वर्णमाला के निम्न अक्षरों को छोड़कर अन्य समस्त अक्षर यदि आधा अक्षर एवं 'आ' की मात्रा (जैसे ॰ एवं ा) के संयोजन से टंकित किये जाते है तो ऐसे अक्षरों व संबंधित शब्दों को त्रुटि पूर्ण माना जायेगा –

ख श ष थ भ ध घ क्ष ण

इस प्रकार कीबोर्ड पर एक Key Stroke से बनने वाले पूर्ण अक्षर (जैसे म) को ही सही माना जायेगा।

12. पूरी ऑनलाइन परीक्षा में माउस का उपयोग आवश्यकता होने पर किया जा सकता है। परीक्षा में यथासंभव **शॉर्टकट की(Shortcut Key)** का प्रयोग नहीं करें।

स–सॉफ्टवेयर के उपयोग हेतु दिशा–निर्देश

1. टंकण गति परीक्षा में सर्वप्रथम आपको उपलब्ध कराये गये कम्प्यूटर पर दृश्य निम्न प्रकार होगा–
2. सॉफ्टवेयर में लोगिन हेतु रोल नम्बर का उपयोग करना है। रोल नम्बर आपके प्रवेश पत्र पर अंकित है। पासवर्ड की सूचना परीक्षा कक्ष में दी जायेगी।
3. परीक्षा की अवधि में प्रत्येक भाग में अभ्यर्थी को टाईप के लिए उपलब्ध करवाई गई लाईन्स में उपर एवं नीचे (Up & Down Arrow Keys) जाने की सुविधा होगी तथा पूर्व में टाईप की गई लाईन में त्रुटि को सुधारा जा सकेगा। किन्तु एक भाग (हिन्दी या अंग्रेजी) से दूसरे भाग में जाना संभव नही होगा।
4. Enter Key से भी अगली लाईन पर जाया जा सकता है।
5. टंकण गति परीक्षण सॉफ्टवेयर स्वतः ही टंकित किये गये शब्दों को Save करता है।
6. टंकण गति परीक्षण में माउस का उपयोग आवश्यकता होने पर किया जा सकता है।
7. टंकण गति परीक्षण में अभ्यर्थियों को दोनों भाषाओं में प्रश्न पत्र में टंकण हेतु पक्तिंवार (Linewise) शब्द या वाक्य दिये जाएंगे।
8. टंकण गति परीक्षण के दोनों भागों के मध्य 60 सैकिण्ड का अन्तराल दिया जायेगा। समय खत्म होते ही स्क्रीन पर समय खत्म होने का संकेत आवेगा साथ ही अगली परीक्षण परीक्षा हेतु समय का संकेत भी होगा कि कितने समय में अगला परीक्षण प्रारम्भ होगा।
9. टंकण गति परीक्षण शुरू होने के बाद निर्धारित समय पूर्ण होने पर सॉफ्टवेयर स्वतः रूक जायेगा।
10. टंकण गति परीक्षण के दौरान किसी भी प्रकार की तकनीकी समस्या आने पर स्क्रीन के ऊपरी दाहिने कोने पर हाथ (Need Help) के निशान को क्लिक करने पर परीक्षा को 1 मिनिट के लिए रोका जा सकता है। परीक्षा के दौरान अधिकतम 3 बार इस सुविधा का प्रयोग किया जा सकता है।